वो मेरा सांवरा जब मेरे साथ है

वो मेरा सांवरा, जब मेरे साथ है,
अब मुझे इस जमाने की परवाह नहीं,
कुछ भी कर जाऊँगा,
साथ ये जो रहे,
फिर किसी आंधी तूफ़ा,
की परवाह नहीं,
वो मेरा साँवरा, जब मेरे साथ है,
वो मेरा सांवरा, जब मेरे साथ है

है भरोसा मुझे, अपने भगवान पे,
मैंने छोड़ा है सब, साँवरे श्याम पे,
मेरी नैयाँ की वो, थामे वो पतवार है,
इसलिए डूब जाने की परवाह नहीं,
वो मेरा साँवरा, जब मेरे साथ है,
वो मेरा सांवरा, जब मेरे साथ है

श्याम जीवन मेरा, मेरा आधार है,
प्यार करता मुझे, मेरा दिलदार है,
हम भुला कर उसे, भूल सकते नहीं,
इसलिए भूल जाने की परवाह नहीं,
वो मेरा साँवरा, जब मेरे साथ है,
वो मेरा सांवरा, जब मेरे साथ है

श्याम का धाम ही, है ठिकाना मेरा,
श्याम का नाम ही, है सहारा मेरा,
मेरे सर पे मोहित, श्याम का हाथ है,
सारा जग रूठ जाने की परवाह नहीं,
वो मेरा साँवरा, जब मेरे साथ है,
वो मेरा सांवरा, जब मेरे साथ है

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22437/title/vo-mera-sanwara-jab-mere-sath-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |